# SURREY
# POLICE SERVICE

## सरी पुलिस सेवा
## 2021 सामुदायिक परामर्श
## कार्यकारी सारांश

सुरक्षित . शक्तिमान . साथ-साथ .

## परियोजना का उद्देश्य

जून से अक्टूबर 2021 तक, सरी पुलिस सेवा (एसपीएस) ने सामुदायिक पुलिसिंग मॉडल के विकास के लिए नींव प्रदान करने और एसपीएस की पहली रणनीतिक योजना के बारे में सूचित करने के लिए तीन-भाग वाली सामुदायिक परामर्श परियोजना शुरू की।

सरी में निवास और काम करने वाले साझीदारों की एक विस्तृत श्रृंखला से जानकारी एकत्र करने के लक्ष्य के साथ इस परियोजना में सर्वेक्षण, साक्षात्कार और फोकस समूह शामिल थे। इन तीनों घटकों को स्वतंत्र अनुसंधान विशेषज्ञों (डॉ. कर्ट ग्रिफिथ्स और डॉ. एली सोपोव) ने डिजाइन किया था ताकि एसपीएस को विभिन्न समूहों के सजीव अनुभव, वर्तमान में सरी के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों, और समुदाय के सभी निवासियों की सेवा वितरण में सुधार और सुरक्षा बढ़ाने के बारे में समझने में मदद मिल सके।

इस सामुदायिक परामर्श के दौरान एकत्रित सामग्री को एसपीएस रणनीतिक योजना प्रक्रिया के साथ-साथ विभागीय नीतियों और परिचालन रणनीतियों के लिए भी इस्तेमाल किया जाएगा। यह परियोजना इस बात को सुनिश्चित करने के लिए एसपीएस की प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है कि इच्छुक और प्रभावित पक्ष पहले दिन से ही सामुदायिक पुलिसिंग मॉडल का एक अभिन्न अंग हैं।

## परियोजना विधि

इस परामर्श में तीन अंतर-संबंधित घटक शामिल थे:

1. डॉ. एली सोपोव द्वारा डिजाइन और विश्लेषित और इनसाइट्सवेस्ट मार्केट रिसर्च द्वारा एकत्र किया गया 1,000 सरी निवासियों का एक ऑनलाइन जनमत सर्वेक्षण;
2. समुदाय के 106 सदस्यों के साथ एक-एक कर किया गया साक्षात्कार;
3. समुदाय में समूहों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों के साथ बारह फोकस समूह।

## जनमत सर्वेक्षण

जुलाई 2021 में, एसपीएस ने सरी के निवासियों का एक जनमत सर्वेक्षण शुरू किया। सर्वेक्षण में सरी के छह सामुदायिक केंद्रों (व्हैली, गिल्डफोर्ड, फ्लीटवुड, न्यूटन, क्लोवरडेल, साउथ सरी) के 1,000 निवासियों को शामिल किया गया था, और इसमें स्वदेशी भागीदारी सहित सामुदायिक केंद्र, आयु, लिंग और जातीयता द्वारा विभाजन शामिल था। नमूना आकार +/- 3.4% की त्रुटि के मार्जिन के साथ सरी की पूरी आबादी के लिए 20 में से 19 बार सांख्यिकीय रूप से सटीक है।

सर्वेक्षण में निवासियों से 15 सामान्य पुलिस सेवाओं की प्राथमिकताओं, आपराधिक उत्पीड़न के स्तर, पिछले एक साल के दौरान पुलिस के साथ संपर्क, पिछले तीन वर्षों में कुछ अपराधों के कथित पैटर्न और पुलिस अधिकारी की विविधता और लिंग के बारे में जनता की राय तय करने को कहा गया था। इसके अलावा, निवासियों ने पुलिस द्वारा शरीर पर लगाए जाने वाले कैमरों, नए सरी पुलिस बोर्ड के महत्व और आने वाले वर्ष में सरी की पुलिस व्यवस्था पर सबसे बड़ा प्रभाव क्या होगा, के लिए अपने स्तर का समर्थन प्रदान किया।

## साक्षात्कार

समुदाय में रुचि रखने वाले और प्रभावित पक्षों की एक विस्तृत श्रृंखला के बारे में साक्षात्कार आयोजित किए गए थे। साक्षात्कारदाताओं में निजी क्षेत्र के व्यक्ति, प्रांतीय और नगरपालिका सरकारें, आवास और आवास चुनौतियों का सामना करने, खाद्य सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और व्यसनों का सामना करने वाले व्यक्तियों की सहायता करने वाले संगठन, स्कूलों के अधिकारी, धार्मिक प्रमुख, स्वदेशी नेता, LGBTQ2S + समुदाय, अपराध की रोकथाम करने वाले संगठन, और कमजोर तथा जोखिम वाले व्यक्तियों के साथ काम करने वाले व्यक्ति और कैद की अवधि के बाद समुदाय में फिर से प्रवेश करने वाले व्यक्ति शामिल हैं।

विश्वविद्यालय-आधारित शोधकर्ताओं के एक दल का नेतृत्व साइमन फ्रेजर विश्वविद्यालय (सरी परिसर) के डॉ. कर्ट टी. ग्रिफ़िथ्स ने किया और एसपीएस कर्मचारियों ने सहायता प्रदान की। साक्षात्कार को तीन भागों में बांटा गया था: 1) साक्षात्कारदाता और उनके संगठन की पृष्ठभूमि, अनुभव और भूमिका; 2) सरी में सामुदायिक सुरक्षा और कल्याण की वर्तमान चुनौतियों को समझना और उन्हें संबोधित करना, और अपराध और सुरक्षा की धारणाएं; और, 3) एसपीएस सरी में पुलिस व्यवस्था कैसे कायम रखेगी और प्रभावी ढंग से समुदाय को कैसे शामिल करेगी।

## फोकस समूह

समुदाय में 12 समूहों के साथ फोकस समूह सत्र आयोजित किए गए। समूहों में निजी क्षेत्र, वरिष्ठ नागरिकों, सामुदायिक संगठनों, विकलांगों, वकालत समूहों, LGBTQ2S+ समुदाय, और सामुदायिक संगठनों सहित विभिन्न प्रकार के भागीदार संगठन शामिल थे, जो (अन्य लोगों के अलावा) जोखिम की आशंका वाले युवाओं, नवागंतुकों, कमजोरों और जोखिम की आशंका वाले लोगों, युवाओं और अपराध की रोकथाम वाले सामुदायिक कार्यक्रमों और सेवाओं की व्यापक श्रृंखला प्रदान करते हैं।

चर्चा के विषयों में शामिल, लेकिन इन तक सीमित नहीं थे: 1) सरी में जीवन की गुणवत्ता के बारे में प्रतिभागियों की धारणाएं और चिंता के प्रमुख मुद्दे; 2) सामुदायिक सुरक्षा और कल्याण में सुधार के लिए चुनौतियाँ और अवसर; 3) उनके संगठन/एजेंसी और अन्य तथा एसपीएस इन्हें सर्वोत्तम तरीके से कैसे संबोधित कर सकते हैं; 4) टिकाऊ पुलिस-सामुदायिक भागीदारी को कैसे विकसित किया जाए; 5) पुलिस की प्राथमिकताएं तय करने में समुदाय को कैसे शामिल किया जा सकता है; और, 6) पुलिस-सामुदायिक संचार और संवाद बनाने और बनाए रखने की रणनीतियाँ।

## मुख्य निष्कर्ष

1. समुदाय के सदस्यों के बीच व्यापक विशेषज्ञता और अनुभव है जिसे समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों के लिए एकीकृत, समग्र, अभिनव प्रतिक्रियाओं के लिए प्रयोग किया जा सकता है।
2. सामुदायिक पुलिसिंग मॉडल के लिए व्यापक समर्थन है और इसके कार्यान्वयन और संचालन में सक्रिय भूमिका निभाने की इच्छा है।
3. कमजोर/सीमांत/जोखिम वाले व्यक्तियों और समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बहु-क्षेत्रीय पहलों में भागीदार बनने के लिए एसपीएस के लिए ठोस समर्थन है।
4. निम्न के लिए ठोस समर्थन है:
    - क. सरी शहर सामुदायिक सुरक्षा और कल्याण योजना विकसित कर रहा है जो समुदाय की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में बहु-क्षेत्र सहयोग के लिए एक ढांचा प्रदान करेगी;
    - ख. शरीर पर पहने जाने वाले कैमरों से एसपीएस अधिकारियों को लैस किया जाए;
    - ग. जोखिम वाले युवाओं के लिए युवा रणनीति का विकास, और एसपीएस स्कूल संसाधन अधिकारी कार्यक्रम जो अन्य अधिकारक्षेत्रों में सर्वोत्तम अभ्यास कार्यक्रमों द्वारा सूचित किया गया और सरी स्कूलों और छात्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया हो;
    - घ. जिलों में पुलिस कार्यालयों से संबद्ध नेबरहुड पार्टनरशिप अधिकारियों की तैनाती;
    - ङ. सार्थक एसपीएस विविधता सलाहकार समिति;
    - च. गिरोह अपराध इकाई की तैनाती; तथा,

छ. एसपीएस विविधता संबंध इकाई और, संभावित रूप से, अन्य विशिष्ट संपर्क इकाइयों का सृजन।

5. कुल मिलाकर, सरी के निवासियों ने शीर्ष पुलिस प्राथमिकताओं के रूप में निम्नलिखित को तय किया: हिंसक अपराध (91%), संगठित अपराध गिरोह (88%), समय पर तत्काल पुलिस सेवाएं प्रदान करना (86%), और घरेलू हिंसा (78%)।
6. सभी समुदायों के सभी निवासियों ने हिंसक अपराधों, समय पर पुलिस सेवाओं और संगठित अपराध को उच्च प्राथमिकताओं के रूप में दर्जा दिया, उम्र, लिंग, जातीयता, और /या शहर के केंद्र के स्थान ने अन्य पुलिस प्राथमिकताओं जैसे आवासहीनता, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों, और अकेले रहने पर सुरक्षा की भावना को तय करने को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया।
7. सरी पुलिस अधिकारी के लिए सबसे ठोस सार्वजनिक मानदंड सरी की संस्कृति और विविधता का पुलिस अधिकारी (64%) के प्रोफाइल में प्रतिनिधित्व और अंग्रेजी (63%) की तुलना में दूसरी भाषा में धाराप्रवाह बोलना शामिल था।
8. सरी पुलिस बोर्ड के लिए सबसे ठोस समर्थन (79%) इस उम्मीद के साथ था कि बोर्ड स्पष्ट जवाबदेही और संचार प्रदान करेगा, और स्थानीय राय को सुनिश्चित करेगा कि एसपीएस समुदाय की नीतियों को कैसे लागू करता है।
9. सर्वेक्षण के उत्तरदाताओं का अनुमान है कि आने वाले वर्ष में सार्वजनिक सुरक्षा पर निम्नलिखित का सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा: संगठित अपराध/गिरोह (67%), अवैध नशीली दवाओं की बिक्री (57%), और बढ़ती जनसंख्या (50%)।

## सिफारिश

1) एसपीएस कार्यबल को यह सुनिश्चित करते हुए सरी की विविधता को प्रतिबिंबित करना चाहिए कि सभी अधिकारियों के पास सामुदायिक पुलिस सेवा वितरण मॉडल में प्रभावी होने के लिए आवश्यक योग्यताएं हैं।
2) एसपीएस उपस्थित, दृश्यमान, सक्रिय और एक अच्छा साथी बनकर समुदाय का विश्वास हासिल कर सकता है।
3) एसपीएस को रुचि ले रहे और प्रभावित समूहों के साथ साझीदारी को सुगम बनाने और बनाए रखने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और समुदाय को अपनी प्राथमिकताओं, गतिविधियों और परिणामों के बारे में सूचित रखने के लिए एक समग्र, बहुआयामी संचार रणनीति विकसित करनी चाहिए।
4) एसपीएस को सामुदायिक सुरक्षा अधिकारी कार्यक्रम या विशिष्ट नगरपालिका कांस्टेबल कार्यक्रम तैयार करना चाहिए।
5) एसपीएस अधिकारियों के पास विविध समुदायों, स्वदेशी व्यक्तियों और नवागंतुकों सहित समुदाय के निवासियों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करने के लिए आवश्यक कौशल और क्षमताएं होनी चाहिए।
6) एसपीएस को सही अधिकारियों को सही पदों पर लाने का प्रयास करना चाहिए।
7) सभी एसपीएस अधिकारियों को संघात-सूचित पुलिसिंग और प्रक्रियात्मक न्याय पुलिसिंग के सिद्धांतों और अनुप्रयोगों में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए और उनमें सांस्कृतिक दक्षताएं होनी चाहिए।
8) एसपीएस को सामुदायिक समूहों के आरसीएमपी के साथ मौजूदा संबंधों/साझीदारियों/पहलों को यह सुनिश्चित करते हुए और मजबूत करना चाहिए, कि ये साक्ष्य-आधारित हैं और सर्वोत्तम परंपराओं पर आधारित हैं।
9) पुलिस सेवाओं को विकेंद्रीकृत, स्थानीयकृत मॉडल में सबसे प्रभावी ढंग से वितरित किया जाएगा।
10) एसपीएस के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों मेट्रिक्स का उपयोग किया जाना चाहिए।
11 एसपीएस के पास उच्च प्रशिक्षित विश्लेषकों के साथ एक अग्रणी अनुसंधान और विश्लेषण अनुभाग होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसकी नीतियां और संचालन सर्वोत्तम परंपराओं और साक्ष्य आधारित हैं।
12) एसपीएस रणनीतिक योजना प्रक्रिया में सामुदायिक भागीदारों का योगदान होना चाहिए।
13) सरी पुलिस बोर्ड को अपने जनादेश और गतिविधियों के बारे में समुदाय को सूचित करने के लिए एक सुदृढ़ संचार रणनीति विकसित करनी चाहिए।
14) इस परामर्श के निष्कर्षों को सभी एसपीएस कर्मचारियों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए और विभिन्न मीडिया मंचों के माध्यम से कई भाषाओं में व्यापक रूप से प्रसारित किया जाना चाहिए।

## अगला कदम

सरी पुलिस बोर्ड और एसपीएस नेतृत्व टीम संगठन की पहली रणनीतिक योजना को सूचित करने के लिए इस परामर्श प्रक्रिया के परिणामों का उपयोग करेगी। योजना को 2021 के पतझड़ में विकसित किया जाएगा और 2022 की शुरुआत में जारी किया जाएगा।

इस परामर्श परियोजना के दौरान प्रदान की गई व्यापक राय का उपयोग एसपीएस के लिए एक सामुदायिक पुलिस सेवा वितरण मॉडल विकसित करने के लिए भी किया जाएगा, जिसे एसपीएस के सरी के अधिकार क्षेत्र की आधिकारिक पुलिस एजेंसी बनने पर चालू किया जाएगा।

एसपीएस निरंतर सामुदायिक संपर्क के लिए प्रतिबद्ध है। जैसे-जैसे कम्युनिटी पुलिसिंग ब्यूरो विकसित होगा, वे समुदाय के साथ दीर्घकालिक संबंध बनाने का प्रयास करते रहेंगे और नागरिकों की बात को सुनने के लिए नए-नए तरीके सामने रखेंगे। नागरिक उम्मीद कर सकते हैं कि विभिन्न स्वरूपों में सामुदायिक जुड़ाव एसपीएस की पहल का एक अभिन्न अंग होगा।

## पूरी रिपोर्ट

डॉ. कर्ट ग्रिफ़िथ्स और डॉ. एली सोपोव की संपूर्ण सामुदायिक परामर्श रिपोर्ट एसपीएस वेबसाइट: www.surreypolice.ca पर उपलब्ध हैं।